PTCUL

पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

प्रबन्ध निदेशक कार्यालय

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

दूरभाष नं0 0135–2642006 फैक्स नं0 0135–2643460 email:- md.ptcul@rediffmail.com

पत्रांकः 1324 /प्र0नि0/पिटकुल/ MD(OM) दिनांकः 21/05/2022

कार्यालय ज्ञापन

एतद्द्वारा श्री प्रवीन टण्डन, महाप्रबन्धक (विधि एवं कम्पनी सचिव), देहरादून अपने वर्तमान कार्यदायित्वों के साथ–साथ मीडिया प्रभारी, पिटकुल के निम्न कार्यों का निर्वहन भी करेंगे, जिस हेतु उन्हें कोई अतिरिक्त पारिश्रमिक अनुमन्य नहीं होगा–

1. श्री प्रवीन टण्डन, महाप्रबन्धक (विधि एवं कम्पनी सचिव) प्रतिदिन निगम के विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं निर्गत आदेशों की जानकारी प्राप्त करेंगे एवं यथा आवश्यकता सूचना मीडिया को उपलब्ध करायेंगे। नीतिगत मामलों में प्रबन्ध निदेशक/सम्बन्धित निदेशक/मुख्य अभियन्ता से आवश्यक परामर्श प्राप्त करने के उपरान्त ही मीडिया को जानकारी उपलब्ध कराई जायेंगी।
2. श्री प्रवीन टण्डन समय–समय पर निगम द्वारा किये जा रहे जनहित एवं निगम हित के कार्यों की सूचना मीडिया को उपलब्ध करायेंगे। मीडिया स्तर से भी पिटकुल की सूचनायें श्री प्रवीन टण्डन के माध्यम से ही प्राप्त की जायेगी।
3. श्री प्रवीन टण्डन यह सुनिश्चित करेंगे कि यदि मीडिया द्वारा एक पक्षीय रूप से अथवा तथ्यों को सही प्रकार से प्रस्तुत न किया गया हो तो मीडिया से सम्पर्क कर सही स्थिति से उन्हें अवगत करायेंगे एवं प्रयास करेंगे कि उसका शुद्धिपत्र (Corrigendum) जारी हो।
4. श्री प्रवीन टण्डन मीडिया के समक्ष किसी प्रकार का बाइट (Bite) देने से पहले यथासम्भव उसकी अनुमति अपने नियन्त्रक अधिकारी से प्राप्त करेंगे।
5. उपर्युक्त आदेश जारी होने के पश्चात् निगम के अन्य किसी भी अधिकारी को मीडिया के समक्ष किसी प्रकार का वक्तव्य देने पर प्रतिबन्ध रहेगा। निगम हित में मीडिया को जो भी सूचना दी जानी आवश्यक होगी वह श्री प्रवीन टण्डन द्वारा दी जायेगी। प्रबन्ध निदेशक के लिये यह प्रतिबन्ध लागू नहीं होगा।
6. श्री प्रवीन टण्डन प्रदेश/जिले स्तर के मीडियाकर्मी के दूरभाष नम्बर अपने पास रखेंगे ताकि समय–समय पर उनको सूचना उपलब्ध कराई जा सके।
7. श्री प्रवीन टण्डन का माबाईल नं0 7351022277

उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगे।

(अनिल कुमार)
प्रबन्ध निदेशक

क्रमशः–2/–

पत्रांकः 1324/प्र0नि0/पिटकुल/MD(OM) तद्दिनांकित

<u>प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. निदेशक (मा0सं0/वित्त/परि0एवंअनु0/परियोजना), पिटकुल, देहरादून।
2. निदेशक (मा0सं0), उपाकालि/यू0जे0वी0एन0 लिमिटेड, देहरादून।
3. समस्त मीडिया प्रमुख, देहरादून।
4. पिटकुल के समस्त विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह अपने–अपने विभागों से सम्बन्धित आवश्यक सूचनायें श्री प्रवीन टण्डन, मीडिया प्रभारी, पिटकुल, देहरादून को यथा आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
5. मुख्य अभियन्ता (स्तर–I), पिटकुल......।
6. समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–II), पिटकुल,.........।
7. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, पिटकुल, ...।
8. समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल, ...।
9. अधिशासी अभियन्ता (सूचना एवं प्रौद्योगिकी), पिटकुल, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश को कारपोरेशन की वैबसाईट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
10. सम्बन्धित अधिकारी/व्यैक्तिक पत्रावली।

(एस0पी0 आर्य)
अधीक्षण अभियन्ता (सं0)